<u>इंडियन बैंक ने श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट, करनाल को एक ई-रिक्शा स्पॉन्सर किया</u>

करनाल, 15 नवंबर 2022: इंडियन बैंक द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" समारोह के उपलक्ष्य में सीएसआर के तहत श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट, करनाल को एक ई-रिक्शा स्पॉन्सर किया गया।

बैंक की ओर से श्री महेश कुमार बजाज, महाप्रबंधक, इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय ने ई-रिक्शा की चाबी श्री ठाकुर वीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष एवं श्री राधे श्याम डुडेजा, महासचिव, श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट, करनाल को सौंपी। इंडियन बैंक से श्री अशोक पटनायक, क्षेत्र महाप्रबंधक, चंडीगढ़ एवं उनकी करनाल की टीम इस अवसर पर उपस्थित थी ।

श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट, करनाल, एक चैरिटेबल ट्रस्ट है, जो 1927 से कई सामाजिक कार्यों, मुख्यतः अनाथ बच्चों के पुनर्वास और देखभाल, में कार्यरत्त है।

श्री बजाज ने अपने संबोधन के दौरान ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने समाज निर्माण में इंडियन बैंक की भूमिका को रेखांकित किया, जो अपनी विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के जरिए समाज के जरूरतमंद वर्गों का सहयोग करने में आगे रहता है। अपनी समावेशी विकास पहल के तहत, अनाथालय की मदद करना बैंक के लिए गर्व की बात है।